14– रिक्तियों का अवधारण :– नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती के वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा। नियुक्ति प्राधिकारी सीधी भर्ती के लिए निम्नलिखित रीति से रिक्तियाँ अधिसूचित करेगा–

(एक) व्यापक परिचालन रखने वाले दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करके

(दो) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर नोटिस चस्पा करके या रेडियो/टेलीविजन और अन्य मान्यता प्राप्त समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन करके और।

(तीन) सेवायोजन कार्यालय को रिक्तियाँ अधिसूचित करके।

15– सीधी भर्ती की प्रक्रिया :– (1) सीधी भर्ती के प्रयोजनार्थ एक चयन समिति का गठन किया जाएगा जिसमें निम्नांकित होंगे

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी ——————— अध्यक्ष

(दो) यदि नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का न हो तो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का एक अधिकारी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों में से किसी एक अधिकारी को नाम निर्दिष्ट किया जाएगा। ——————— सदस्य

(तीन) यदि नियुक्ति प्राधिकारी अन्य पिछड़े वर्गों का न हो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों का एक अधिकारी नाम निर्दिष्ट किया जाएगा। यदि नियुक्ति प्राधिकारी अन्य पिछड़े वर्गों का हो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों या अनुसूचित जाति या अनु० जनजाति में से किसी एक अधिकारी का नाम निर्दिष्ट किया जाएगा। ——————— सदस्य

(सुरेन्द्र कुमार)
सचिव निदेशक (तक. सम्पे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

(घार) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा पद जिसके लिए नियुक्ति की जानी हो की अपेक्षाओं के अनुरूप सम्बन्धित क्षेत्र में पर्याप्त ज्ञान रखने वाला एक अधिकारी नाम निर्दिष्ट किया जाएगा ——— सदस्य

(ङघ) सम्बन्धित जिले के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नाम निर्दिष्ट एक अधिकारी। ——— सदस्य

(2) चयन समिति आवेदन पत्रों की समीक्षा करेगी और पात्र अभ्यार्थियों से किसी प्रतियोगी परीक्षा में उपस्थित होने की अपेक्षा करेगी।

(3) अभ्यार्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गये अंको को सारणीबद्ध किये जाने के पश्चात चयन समिति नियम–6 के अनुसार अनुसूचित जातियो अनुसूचित जनजातियो और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यार्थियो का सम्यक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उतनी संख्या में अभ्यार्थियो को साक्षात्कार के लिए बुलायेगी जो इस सम्बन्ध में चयन समिति द्वारा लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियत मानक तक आये हों। साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यार्थी को प्रदान किये गये अंको को उसके द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गये अंको की जोड़ा जायेगा।

(4) चयन समिति अभ्यार्थियों की उनकी प्रवीणता क्रम में जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यार्थी द्वारा प्राप्त अंको से पकट हो एक सूची तैयार करेगी। यदि दो या अधिक अभ्यार्थी बराबर–बराबर अंक प्राप्त करे तो लिखित परीक्षा में उच्चतर अंक प्राप्त करने वाला अभ्यार्थी सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जाऐगा। सूची में नामों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु 25 % से अधिक) होगी। चयन समिति सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

16– पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया :–

(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश विभागीय पदोन्नति समिति का गठन (सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदो के लिए) नियमावली, 1992 के अनुसार गठित चयन समिति के माध्यम से की जायेगी।

टिप्पणी :– चयन समिति में अनुसूचित जातियो, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के नागरिकों के अधिकारियों का नाम निर्देशन समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम की धारा 7 के अधीन दिए गए आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यार्थियों की पात्रता सूचियां समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदो पर) पदोन्नति, पात्रता सूची नियमावली 1995 के अनुसार तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ जो समिति समझे जाय चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) चयन समिति उपनियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यार्थियों के मामलो पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यार्थियो का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चयन किए गए अभ्यार्थियों की ज्येष्ठता क्रम में जैसी उस संवर्ग में हो जिसमें उसकी पदोन्नति की जाती हैं एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

17– संयुक्त चयन सूची :– यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाय तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायेगी जिसमें सुसंगत सूचियों से अभ्यार्थियों के नाम उस रीति से लेकर रखे जायेंगे कि विहित प्रतिशत बना रहे सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

(सुरेन्द्र कुमार)
संयुक्त निदेशक (लेक. सम्प्रे.)
लोक सूचना अधिकारी
निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

## भाग–छः नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति :–(1) उपनियम (2) के उपबन्धो के अधीन रहते हुए नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यार्थियों को उसी क्रम में लेकर, जिसमें वह यथास्थिति, नियम 15,16 या 17 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हो नियुक्तियाँ करेगा।

(2) जहाँ भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनो द्वारा की जानी हो तो नियमित नियुक्तियाँ तब तक नही की जायेंगी जब तक कि दोनों स्त्रोतो से चयन न कर लिया जाय और नियम 17 के अनुसार एक संयुक्त चयन सूची तैयार न कर ली जाय।

(3) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किए जाने हो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जावेगा जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख ज्येष्ठता क्रम में किया जायेगा जैसी यथास्थिति चयन में अवधारित की जाय या जैसा कि उस संवर्ग में हो, जिसमें उन्हे पदोन्नत किया जाय। यदि नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाय तो नामों को नियम 17 में निर्दिष्ट के अनुसार रखा जायेगा।

(3) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो परिवीक्षा अवधि में उसका स्थायीकरण के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर लागू मुख्यमन्त्र नियमों द्वारा विनियमित होगा।

24- दुराचरण पर कड़ने का सामदण्ड – किसी व्यक्ति को पदच्युत नौकर पर करने की अनुमति नहीं अवधि जब तक कि उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और जब तक कि उसकी स्थायिता प्रमाणित न कर दी जाय।

## भाग – आठ अन्य उपलब्ध

25- पक्ष समर्थन- किसी पद पर या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किसी सिफारिशों पर चाहे लिखित हो या मौखिक पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अभ्यर्थिता के लिए पक्षपात या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अयोग्य कर देगा।

26- अन्य विषयों का विनियमन – ऐसे विषयों के सम्बन्ध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यता लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियन्त्रित होंगे।

27- सेवा की शर्तों में शिथिलता – जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है वहां वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी आदेश द्वारा इस नियम की अपेक्षाओं को इस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें वह मामले के न्याय संगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है।

28- व्यावृत्ति- इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य विशेषाधिकार पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिए उपलब्ध किया जाना अपेक्षित हो।

### परिशिष्ट – क (1) – सामान्य संवर्ग
नियम 4 (2) देखिये

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्थायी | अस्थायी | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ट्रेसर | 46 | 96 | 142 |
| 2 | मानचित्रक | 56 | 79 | 135 |
| 3 | यांत्रिक मानचित्रक | 01 | – | 01 |
| 4 | उच्चेष्ठ मानचित्रक | – | 04 | 04 |

### परिशिष्ट क (2) – पर्वतीय उप संवर्ग
(नियम 4 (2) देखिये)

| क्रम सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्थायी | अस्थायी | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ट्रेसर | 39 | – | 39 |
| 2 | मानचित्रक | 27 | – | 27 |

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (सक. सचि.)
सूचना अधिकारी
सूचना निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

आज्ञा से,

कैलाश टेडियाल,
सचिव

सांख्यिकी संवर्ग के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण

1. अपर साख्यिकी अधिकारी वर्ग–1

| स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|
| 29 | 28 | 01 |

2. सहायक सांख्यिकी अधिकारी वर्ग–2

| स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|
| 44 | 11 | 33 |

3. डाटा एन्ट्री आपरेटर वर्ग–2

| स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|
| 04 | 01 | 03 |

सुमन देवी
वर्ग-2

## सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–1 के पटल से सम्बन्धित सूचना

| क0स0 | विकास शाखा | रसायन शाखा | कुल स्वीकृत पद | कुल कार्यरत पद | रिक्त पद | अधियाचन हेतु पदो का विरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सीधी भर्ती | | 97 | 90 | 07 | 07 |
| 02 | पदोन्नति | | 98 | 27 | 71 | 00 |
| 03 | | सीधी भर्ती | 19 | 19 | 00 | 00 |
| 04 | | पदोन्नति | 19 | 05 | 14 | 00 |
| | | योग | 233 | 141 | 92 | 07 |

## सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 के पटल से सम्बन्धित सूचना

| क0स0 | कुल स्वीकृत पद | कुल कार्यरत पद | रिक्त पद | अधियाचन हेतु पदो का विरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 483 | 393 | 90 | 82 |

(मनोज कुमार बडुवाडी)
प्रधान सहायक
कार्या० - कृषि निदेशालय
उत्तराखण्ड, देहरादून

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (तक. सम्प्रे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

कनिष्ठ अभियन्ता, अ0कृ0से0वर्ग–1 (अभियंत्रण शाखा) संवर्ग के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण

| स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 54 | 41 | 13 | 04 कनिष्ठ अभियन्ता उपनल के माध्यम से एवं 01 का0प्र0 सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत |

कृषि निदेशालय के आदेश संख्या– कृ0नि0/2544/दिनांक 22.07.2026 के द्वारा अधियाचन अनुसचिव, कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग–2 उत्तराखण्ड शासन देहरादून को प्रेषित किया गया है तथा इन सभी रिक्त पदों के लिये सेवा नियमावली उत्तराखण्ड शासन कृषि एवं कृषक कल्याण अनुभाग–1 –संख्या–107049/दिनांक 20.03.2023 संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित की जा रही है।

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (तक. सम्पे.)
सेवा सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड

# सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

## असाधारण

विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)

देहरादून, सोमवार, 20 मार्च, 2023 ई0
फाल्गुन 29, 1944 शक सम्वत्


उत्तराखण्ड शासन
कृषि एवं कृषक कल्याण अनुभाग–1

संख्या 107049/ई–14907/XIII-1/2023–03(10)2013
देहरादून, 20 मार्च, 2023

अधिसूचना
प्रकीर्ण

साधारण–07

राजपत्र भारत का संविधान के अनुच्छेद–309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते तथा इस विषय पर विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अतिक्रमण करते हुए "उत्तराखण्ड अधीनस्थ कृषि सेवा" में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा सेवा शर्तें विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं–


(सुरेन्द्र कुमार)
राज्यपाल निदेशक (तकनीकी)
एवं पदेन सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड अधीनस्थ कृषि सेवा नियमावली, 2023

भाग–एक–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड अधीनस्थ कृषि सेवा नियमावली, 2023 है।
(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रकृति 2. उत्तराखण्ड अधीनस्थ कृषि सेवा एक अराजपत्रित सेवा है, जिसमें समूह 'ग'



सेवा की शर्तें

4. (i) राज्य के उपनिवेशों/अधिकारियों तथा उनके अधीन अन्य के पदों की संख्या उनकी होगी, जो समय-समय पर आयोग द्वारा निर्धारित की जाय।

(ii) सेवा में कार्यकारियों/अधिकारियों तथा उनके अधीन होने के पदों की संख्या खंड (i) के उपबंध (i) के अधीन पारित आदेशों द्वारा परिवर्तन न किया जाय, उतनी होगी, जितनी परिशिष्ट-'अ', 'ब', 'स' और 'द' में दी गयी है।

परन्तु यह है कि–

(i) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को खाली छोड़ सकेगा अथवा राज्यपाल किसी पद को इस प्रकार प्रावधानित कर सकेगे, कि कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा।

(ii) राज्यपाल ऐसी लम्बाई या अवधि पदों का सृजन कर सकते है, जैसा वे उचित समझें।

भर्ती की शर्तें

5. सेवा में विभिन्न श्रेणीयों के पदों पर भर्ती इस नियमावली के परिशिष्ट 'अ','ब','स' और 'द' में उनके सम्मुख वर्णित उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा प्रथम आयोग/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जायेगी।

| पद | भर्ती का क्रोत |
|---|---|
| (i) सहायक भूमि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा अधिकारी वर्ग-3 | चयन आयोग के माध्यम से सत-प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा। |
| (ii) सहायक भूमि (एक)- अधिकारी वर्ग-2 | राजनैतिक स्तर से नियुक्त वर्ग-3 के ऐसे ग्रामीणों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस राज्य में दस वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए परीक्षण के आधार पर विभागीय चयन समिति के माध्यम से शत-प्रतिशत पदोन्नति द्वारा। |

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (लक. सम्पे.)
भूमि सुधार अधिकारी
देहरादून

(घ)– सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–2 के शाखा का आकार उपलब्ध पदों की स्थिति में अनुसार कार्मिकों से विकल्प एवं अभिरुचा के आधार पर पदोन्नति के उपरान्त किया जायेगा।

परन्तु यह कि यदि पात्र कार्मिकों की संख्या कम है तथा पदोन्नति हेतु पदों की संख्या ज्यादा है, तो, पदोन्नत कार्मिकों में से वरिष्ठता के आधार पर 85 प्रतिशत को विकास शाखा एवं 15 प्रतिशत को रसायन शाखा जिस अनुपात में पद है, के अनुसार शाखा आवंटित की जायेगी।

(ङ) सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–1 (एकं)– 50 प्रतिशत उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(चं)– 50 प्रतिशत पैतृक रूप से नियुक्त वर्ग–2 के विकास शाखा एवं रसायन शाखा के कार्मिकों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, ज्येष्ठता के आधार पर अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये विभागीय चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (सक. सम्पे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

(4) अभियन्ता — उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से शत–प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।

(5) प्राविधिक सहायक — उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से शत–प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।

(6) सहायक लाइब्रेरी अधिकारी वर्ग–2 — उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से शत–प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।

(7) संगणक / डाटा एंट्री आपरेटर (8) अपर सांख्यिकी अधिकारी वर्ग-1

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से शत-प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।

पदोन्नति द्वारा सांख्यिकी अधिकारी वर्ग-2 एवं संगणक / डाटा एंट्री आपरेटर के धारकों में से, जिनकी भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 05 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, चयनों के आनुपातिक क्रम में उपेक्षता के आधार पर अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये विभागीय चयन समिति के माध्यम से शत-प्रतिशत

8. उत्तराखण्ड पदोन्नति में आरक्षण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग-चार-अर्हताएं

राष्ट्रीयता

7. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में के स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी 1962 के पूर्व भारत आया हो, होना चाहिए, या

(ग) भारतीय मूल का व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका अथवा केनिया, युगांडा और संयुक्त तंजानिया, गणराज्य (पूर्ववर्ती तानानिका और जंजीबार) और पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रव्रजन किया हो,

परन्तु उक्त श्रेणी (ख) और (ग) से सम्बन्धित अभ्यर्थी वह व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो,

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (सा. सम्पे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

परन्तु यह और कि धारा (ख) में
सम्बन्धित अभ्यर्थी के लिए भी उस
महाविद्यालय, अभिकरण द्वारा, अनावश्यक
द्वारा पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त करना
आवश्यक होगा,

परन्तु यह भी कि यदि अभ्यर्थी
धारा खेती (ग) से सम्बन्धित है तो पात्रता
का प्रमाण-पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के
लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे
अभ्यर्थी को एक वर्ष से अधिक हो जाने
उसके ठीक भारत की सम्बन्धित प्राप्त
करने पर सेवा में रखा जा सकेगा।

टिप्पणी– जिस अभ्यर्थी के मामले में पात्रता
का प्रमाण-पत्र आवश्यक है, किन्तु उसे न
तो जारी किया गया हो और न ही सम्बन्धित
किया गया हो, उसे परीक्षा या साक्षात्कार
में प्रवेश दिया जा सकता है और उसे
अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा
सकता है। किन्तु शर्त यह है कि उसके
द्वारा आवश्यक प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया
जाए या उसके यह से जारी कर दिया
जाय।

सैद्धिक अर्हताएं

8. सेवा में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की निम्नलिखित अर्हताएं होनी आवश्यक है:–

| पद | अर्हताएं |
|---|---|
| (1) सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था से कृषि में स्नातक उपाधि। |
| (2) सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–2 | पोषक संवर्ग सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 से शत–प्रतिशत पदोन्नति के माध्यम से। |

(3) (i) सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–1 (विकास शाखा) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था से कृषि स्नातकोत्तर उपाधि।

(ii) सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–1 (रसायन शाखा) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था से कृषि रसायन/मृदा विज्ञान/भूमि संरक्षण में स्नातकोत्तर उपाधि।

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (तक. सम्पे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

| | | |
|---|---|---|
| | (4) अनिवार्य अभिवक्ता | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी संस्था से कृषि/वेटरिनरी/ वेटेनिकल/ विद्युत अभियांत्रिकी में तीन वर्ष का डिप्लोमा |
| | (5) प्रतिवेदिक सहायक | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था से कृषि अभियांत्रिकी में स्नातक उपाधि |
| | (6) सहायक सांख्यिकी अधिकारी वर्ग–2 | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था से गणित/सांख्यिकी/ गणितीय सांख्यिकीय में स्नातक एवं गणित/सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकीय /अर्थशास्त्र/वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ कम्प्यूटर में 'ओ लेवल' डिप्लोमा। |
| | (7) संगणक/ डाटा एंट्री आपरेटर | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था से गणित/ सांख्यिकी /गणितीय सांख्यिकी में स्नातक उपाधि के साथ गणित/ सांख्यिकी /वाणिज्य शास्त्र /अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ कम्प्यूटर में 'ओ लेवल' अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र। |
| | (8) अपर सांख्यिकी अधिकारी वर्ग–1 | मौलिक रूप से नियुक्त सहायक सांख्यिकी अधिकारी वर्ग–2 एवं संगणक/डाटा एंट्री आपरेटर के पदों से आनुपातिक क्रम में ज्येष्ठता के आधार पर। |

9. अन्य बातों के समान होने पर रीती भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा, जिसने–

(एक) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) सार्वजनिक क्षेत्र का 'बी' अथवा 'सी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

(सुरेन्द्र कुमार) भाए
सहायक निदेशक (लाक. सम्प.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून।

अधिवर्ष / वांछनीय आयु

11. अधिवर्ष / वांछनीय आयुसीमा उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के पदों की भर्ती के लिए अधिवर्ष / वांछनीय आयुसीमा नियुक्तियों, 2019 समय-समय पर यथा संशोधित के प्रावधानों के अनुसार होगी।

किसी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष की, जिसमें रिक्तियाँ विज्ञापित की जायें पहली जुलाई को न्यूनतम आयु 21 वर्ष प्राप्त कर ली हो और अधिकतम आयु 42 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो।

परन्तु यह कि उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जायें, अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी निर्दिष्ट की जाए।

चरित्र

12. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में नियोजन के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो, नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी– संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे, नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (तक. सम्प्रे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

वैवाहिक स्थिति

13. ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पुरुष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसका एक से अधिक पति जीवित हो, सेवा में, किसी पद पर नियुक्ति के पात्र न होंगे:

परन्तु यह कि सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम के परिवर्तन से छूट दे सकती है यदि उसका यह समाधान हो कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान है।

शारीरिक अपेक्षाएं

14. किसी भी अभ्यर्थी को उसे न किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि चिकित्सीय और शारीरिक दृष्टि से पर्याप्त स्वास्थ्य उसका न हो, और वह ऐसे किसी शारीरिक दोष से पूर्ण न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों के प्रभावपूर्ण पालन करने से बाधा पड़ने की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित करने से पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह बिहार इंजीनियरिंग सेवा के खण्ड 2, भाग–3 के अध्याय 3 में समाविष्ट मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे।

परन्तु यह कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम– 2016 (अधिनियम संख्या–49 वर्ष 2016 भारत सरकार) की धारा–33 के क्रम में इस हेतु चिन्हित पदो तथा धारा–34 के अन्तर्गत चिन्हित श्रेणियों में दिव्यांगों को नियमानुसार नियुक्ति देने से मना नही किया जायेगा;

परन्तु यह और कि पदोन्नति द्वारा नियुक्त अभ्यर्थी के लिए स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं होगा।

(सुरेन्द्र कुमार)
राज्यपाल निदेशक (तक. सम्प.)
लोक सूचना अधिकारी
मुद्रण निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

रिक्तियों का अवधारण

भाग–पाँच– भर्ती की प्रक्रिया

15. नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा और आयोग को सूचित करेगा।

आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया

16. इस नियमावली के अधीन सीधी भर्ती से पदों पर भर्ती नियम 5 में उल्लिखित पदो पर उनके नाम के सम्मुख उल्लिखित सम्बन्धित आयोग द्वारा की जावेगी।

(अ) सीधी भर्ती उत्तराखण्ड (उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर) समूह "ग" के पदों पद सीधी भर्ती हेतु तद्समय प्रचलित नियमावली एवं समय–समय पर यथा संशोधित प्रावधानों के अनुसार की जायेगी।

(ख) उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत) कम्प्यूटर "ग" के पदों पर नियुक्ति हेतु सदस्यता प्रमाणित नियमावली एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार की जायेगी।

टिप्पणी- प्रतियोगिता परीक्षा का पाठ्यक्रम और नियम आयोग द्वारा उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग जो लागू हो, के द्वारा समय-समय पर विहित प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित किये जायेंगे।

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

17 पदोन्नति द्वारा भर्ती निम्नलिखित आधार पर की जायेगी,

(1) पदोन्नति के समस्त पदों पर पदोन्नति अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर निम्नलिखित चयन समिति के माध्यम से की जायेगी-

(क) निदेशक कृषि/विभागाध्यक्ष – अध्यक्ष

(ख) अपर निदेशक/समकक्ष अधिकारी –सदस्य

(ग) नियुक्त प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट –सदस्य

दो राजपत्रित अधिकारी

किन्तु यदि उपरोक्तानुसार गठित चयन समिति में अध्यक्ष अथवा सदस्य में से कोई भी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति का नहीं है तो नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूचित जाति/ जनजाति के दो किसी अधिकारी जो श्रेणी-2, राजपत्रित से निम्न न हो, सदस्य के रूप में नाम निर्दिष्ट करेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गुणानुक्रम के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी और उनकी चरित्र पंजिका तथा उससे सम्बन्धित अन्य अभिलेख चयन समिति के समक्ष रखे जायेंगे, जो उचित समझे जाय।

(3) चयन समिति द्वारा उपबन्धित (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मानसे पर विचार किया जायेगा।

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (सा. सम्पर्क)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

संयुक्त चयन सूची

(1) चयन समिति चयनित किये गए अभ्यर्थियों की उपेक्षाक्रम में जैसी उस संवर्ग में हो, जिसको पदोन्नति की जानी है, एक सूची तैयार कर उसे नियुक्ति प्राधिकारी को प्रेषित करेगी।

15. यदि किसी वर्ष नियुक्ति सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाती है तो संगत सूचियों से नाम लेकर एक संयुक्त सूची इस प्रकार तैयार की जाएगी जिससे विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्ति व्यक्ति का होगा।

भाग–छ–नियुक्ति परिवीक्षा,स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

19. (1) उप नियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में लेकर, जिसमें यथास्थिति नियम 16, 17 एवं 18 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों, नियुक्तियाँ करेगा।

(2) जहां भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जानी हो तो नियमित नियुक्तियाँ तब तक नहीं की जायेंगी जब तक दोनों कोटों से चयन न कर लिया जाय और नियम 18 के अनुसार संयुक्त चयन सूची तैयार न कर ली जाय।

(3) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायं तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख, ज्येष्ठता क्रम में किया जायेगा जैसा यथास्थिति चयन में अवधारित किया जाए या जैसा कि उस संवर्ग में हो, जिसमें उन्हें पदोन्नत किया जाय।

20. (1) सेवा या किसी स्थायी पद पर या उसके विरुद्ध रिक्ति पर नियुक्त व्यक्ति 02 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी पृथक–पृथक मामले परिवीक्षा का विनिर्देश करते हुए जब तक

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (सा. प्र.)
लोक सूचना अधिकारी,
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड,
परेडग्राउण्ड

अवधि बढ़ाई गयी है, अवधि बढ़ा सकता है, जिसके कारण अभिलिखित किये जायेंगे,

परन्तु उपबन्ध यह है कि आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक उक्त किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।

(3) यदि नियुक्ति प्राधिकारी को प्रतीत होता है कि परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी समय परिवीक्षा अवधि की समाप्ति अथवा परिवीक्षा की बढ़ाई गयी अवधि में किसी परिवीक्षाधीन द्वारा अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया गया है या अन्यथा समाधान प्रदान करने में असफल रहा है तो उसे उसके मूल पद पर, यदि कोई है, प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा या यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार नहीं है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी।

(4) ऐसे परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे उप नियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित कर दिया गया हो या जिसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी है, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी परिवीक्षा अवधि की संगणना के प्रयोजन हेतु उस निरन्तर सेवा को गिने जाने की अनुमति दे सकेगा, जो उस विशिष्ट संवर्ग में शामिल किये गये पद पर या किसी समान अथवा उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप में प्रदान की गयी हो।

(सुरेन्द्र कुमार)
उपसचिव नियोजन (प्रभा०)
कृषि निदेशालय,
देहरादून

21. (1) नियम 20 के उप नियम (2) के उपबन्धों, के अधीन रहते हुए, किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसको नियुक्ति में स्थायी कर दिया जाएगा, यदि:-

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक हो, और

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो

सेवा की शर्तों में शिथिलता

26. विनियमित होंगे।

जहाँ राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहाँ वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा उन नियमों की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जिन्हें वह मामले के सम्बन्ध में न्यायोचित तथा साम्यतापूर्वक कार्यवाही करने के लिए उचित समझे।

परन्तु उपबन्ध यह है कि जहाँ कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया है, वहाँ नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्त करने या शिथिल करने से पूर्व आयोग से परामर्श करना होगा।

व्यावृत्ति

27. इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य विधानों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गये आदेशों के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य को अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिये उपबन्धित किया जाना अपेक्षित हो।

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (तक. सम्प्रे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

| | | |

## कृषि सेवा श्रेणी– 2 के सीधी भर्ती के पदों की स्थिति
## (स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण )

| क्र0 सं0 | पदनाम | कुल स्वीकृत पद | कुल कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कृषि विकास शाखा– कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी/ कृषि रक्षा अधिकारी/ सहायक निदेशक/ केन्द्र प्रभारी (लेवल–10) | 31 | 22 | 09 | 08 पदों का अधियाचन कृषि निदेशालय के पत्रांक–9142 दिनांक–18.03.2025 से प्रेषित किया गया, जिसके सापेक्ष उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित कर प्रारम्भिक परीक्षा करायी जा चुकी है।<br>01 पद पर पूर्वतः चयनित अभ्यर्थी द्वारा योगदान नही किया गया है, उनका अभ्यर्थन निरस्त किया जाना है व अधियाचन प्रेषित किया जाना है। |
| 2 | साख्यिकी शाखा– सहायक निदेशक (लेवल–10) | 02 | 01 | 01 | 01 पद का अधियाचन कृषि निदेशालय के पत्रांक–9142 दिनांक–18.03.2025 से प्रेषित किया गया, जिसके सापेक्ष उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित कर प्रारम्भिक परीक्षा करायी जा चुकी है। |
| | योग | 33 | 23 | 10 | – |

कृषि निदेशक,
उत्तराखण्ड।

सहायक निदेशक (सां. सां.)
नोडल सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

## कृषि सेवा श्रेणी– 2 के सीधी भर्ती के पदों की स्थिति
## (स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण )

| क्रम संख्या | पदनाम | कुल स्वीकृत पद | कुल कार्यरत पद | रिक्त पद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कृषि विकास शाखा– कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी/ कृषि रक्षा अधिकारी/ सहायक निदेशक/ केन्द्र प्रभारी (लेवल–10) | 31 | 22 | 09 | 08 पदों का अधियाचन कृषि निदेशालय के पत्रांक–9142 दिनांक–18.03.2025 से प्रेषित किया गया, जिसके सापेक्ष उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित कर प्रारम्भिक परीक्षा करायी जा चुकी है।<br>01 पद पर पूर्वयत चयनित अभ्यर्थी द्वारा योगदान नही किया गया है, उनका अभ्यर्थन निरस्त किया जाना है व अधियाचन प्रेषित किया जाना है। |
| 2 | सांख्यिकी शाखा– सहायक निदेशक (लेवल–10) | 02 | 01 | 01 | 01 पद का अधियाचन कृषि निदेशालय के पत्रांक–9142 दिनांक–18.03.2025 से प्रेषित किया गया, जिसके सापेक्ष उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित कर प्रारम्भिक परीक्षा करायी जा चुकी है। |
| | योग | 33 | 23 | 10 | – |

कृषि निदेशक,
उत्तराखण्ड।

(54)

प्रेषक,

महानिदेशक,
कृषि एवं उद्यान विभाग,
उत्तराखण्ड।

सेवा में,

सचिव,
कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग,
उत्तराखण्ड शासन,देहरादून।

पत्रांक–कृएनि/ 9142 /स्था0–1/श्रेणी–2/सीधी–भर्ती/2024–25 दिनांक : 18.03.2025

विषय : कृषि सेवा श्रेणी–2 (सीधी भर्ती) के रिक्त पदों पर अधियाचन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि कृषि विभाग के अन्तर्गत कृषि सेवा श्रेणी–2 (कृषि विकास शाखा) में सीधी भर्ती के अन्तर्गत कुल 31 पद स्वीकृत हैं, जिनमें वर्तमान में 22 अधिकारी कार्यरत है व 09 पद रिक्त है। सीधी भर्ती के 01 पद पर विगत चयन उपरान्त नियुक्त कार्मिक श्री श्रीपाल सिंह द्वारा योगदान नही किया गया है। वर्तमान में रिक्त पदों पर उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जानी है। इसके अतिरिक्त सांख्यिकी शाखा में सीधी भर्ती के कुल 02 पदों के सापेक्ष रिक्त 01 पद पर भी अधियाचन प्रेषित किया जाना है। इस हेतु विभाग में रिक्त पदों का अधियाचन निम्न प्रकार प्रेषित किया जा रहा है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. कृषि सेवा श्रेणी–2 ( कृषि विकास शाखा) सीधी भर्ती के कुल पद– | | 31 |
| | कार्यरत पद– | 22 |
| | रिक्त पद | 09 |
| | सामान्य अधियाचन हेतु पद– | 07 |
| | विशेष अधियाचन हेतु पद– | 01 |
| 2. कृषि सेवा श्रेणी–2 (सांख्यिकी शाखा) सीधी भर्ती के कुल पद– | | 02 |
| | कार्यरत पद– | 01 |
| | रिक्त पद | 01 |

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान समय से पूर्व तक विभाग में सभी नियुक्तियाँ उ0प्र0 कृषि समूह–ख सेवा नियमावली 1995 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2002 से उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) के तहत की गई है तथा वर्ष 2021 में भी इसी नियमावली के अधीन शाखावार अधियाचन लोक सेवा आयोग को प्रेषित किया गया, जिसके सापेक्ष श्रेणी–2 में अधिकारियों का चयन हुआ है तथा कुछ पदों पर पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण उन रिक्तियों को अग्रेनीत किया गया है। तत्समय शाखावार रोस्टर की गणना कर, कमांकित करते हुए पद अधियाचित किये गये। वर्तमान में उत्तराखण्ड कृषि समूह "ख" सेवा (संशोधन) नियमावली 2021 लागू होने एवं पूर्ववत प्रचलित विकास शाखा, अभियंत्रण शाखा, पौध संरक्षण शाखा, रसायन शाखा व वनस्पति शाखा को सम्मिलित कर कृषि विकास शाखा गठित किये जाने के उपरान्त रोस्टर कमांकों का निर्धारण व तदनुसार ऊर्ध्व व क्षैतिज आरक्षण की गणना की जानी है।

अतः उक्तानुसार अधियाचन प्रपत्र, रोस्टर के अनुसार पदों का विवरण, स्वीकृत कार्यरत रिक्त पदों की सूची तथा उ0प्र0 कृषि समूह–ख सेवा नियमावली 1995 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2002 से उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) कृषि सेवा समूह–ख नियमावली व उत्तराखण्ड कृषि समूह "ख" सेवा (संशोधन) नियमावली 2021 की प्रति संलग्न कर अनुरोध है कि विभाग में रिक्त कृषि सेवा श्रेणी–2 के पदों हेतु अधियायन लोक सेवा आयोग, हरिद्वार को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्न : यथोपरि

भवदीय,

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (लोक सूचना अधिकारी)
कृषि निदेशालय, देहरादून

(रणवीर सिंह चौहान)
महानिदेशक,
कृषि एवं उद्यान विभाग,
उत्तराखण्ड।

RAWAT 2018-IE

अधियाचन प्रपत्र–1

## कृषि सेवा समूह–"ख" कृषि विकास शाखा

| 1 | (क) | पद का नाम | कृषि सेवा समूह–ख (कृषि विकास शाखा) के अन्तर्गत सहायक निदेशक / कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी / कृषि रक्षा अधिकारी / केन्द्र प्रभारी (शा0 सं0–956 दिनांक–02.08.2003 के अनुसार पदनाम परिवर्तित) |
|---|---|---|---|
| | (ख) | क्या यह पद नया सृजित किया गया है, यदि हाँ, तो यह पद कब सृजित किया गया था | नही |
| | | यदि यह पद नया नही है, तो यह कब और कैसे रिक्त हुआ है | उत्तराखण्ड राज्य बनने पर विभागीय पुनर्गठन शा0 सं0–956 दिनांक–02.08.2003 में स्वीकृत। |
| | (1) | क्या पद पर किसी की नियुक्ति कर दी गयी है | नही |
| | (2) | यदि हाँ, तो यह कब से इस पद पर कार्य कर रहा है | – |
| | (3) | क्या उनकी स्थानापन्न नियुक्ति के लिए आयोग का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है, यदि हाँ तो आयोग का पत्र संख्या तथा दिनांक उद्धृत किया जाये | – |
| | (4) | यदि अनुमोदन प्राप्त नही किया है, तो परिस्थितियां बताई जायें जिसमें आयोग के पूर्व अनुमोदन से नियुक्ति नहीं की जा सकी | – |
| | (i) | क्या उक्त पद आयोग के विचार क्षेत्र में है | हाँ |
| | (i) | सेवा का नाम, यदि कोई हो, जिससे उक्त पद सम्बन्धित है | कृषि सेवा समूह–ख (कृषि विकास शाखा) |
| | (i) | क्या उक्त पद सम्वर्ग की उस संख्या में सम्मिलित है, जो संबंधित सेवा नियमावली में दिखाई गई है | हाँ |
| | (ग) | स्वीकृत पदों की संख्या | 31 |
| | (घ) | स्वीकृत पदों के सापेक्ष भरे गये पदों की कुल संख्या | 22 |
| | (ङ) | स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त पदों की कुल संख्या | 09 |
| | (च) | भरे जाने वाले पदों की संख्या | 08 |
| | (1) | उत्तराखण्ड के अधिवासी अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए | – |
| | (2) | उत्तराखण्ड के अधिवासी अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए | – |
| | (3) | उत्तराखण्ड के अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | – |
| | (4) | अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | 07 |
| | (5) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 01 |
| | (छ) | क्या विभाग द्वारा रोस्टर रखा जा रहा है और | रोस्टर के अनुसार निर्धारित प्रतिशत के अनुसार अंकि |

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (तक. सम्प्रे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | प्रतिशत एवं आरक्षण रोस्टर के अनुसार गणना में भिन्नता होने पर नियत प्रतिशत के अनुसार ही रिक्तियों का विवरण दिया गया है।<br>उक्त के अतिरिक्त रोस्टर के क्रमांक का स्पष्ट उल्लेख किया जाय। | रोस्टर क्रमांक– 27, 29, 32, 33, 34, 37, 40 |
| | (ग) | क्षैतिज आरक्षण के सम्बन्ध में अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए श्रेणीवार रिक्तियों का विवरण, नियत प्रतिशत का उल्लेख करते हुए निम्न प्रकार से दिया जाय | – |
| | (1) | उत्तराखण्ड की अधिवासी महिला अभ्यर्थियों के लिए | 02 (अनारक्षित) |
| | (2) | उत्तराखण्ड के अधिवासी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी के आश्रित अभ्यर्थियों के लिए | – |
| | (3) | उत्तराखण्ड के अधिवासी शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए | |
| | (क) | दृष्टिहीनता या कम दृष्टि से सम्बन्धित अभ्यर्थी के लिए | – |
| | (ख) | श्रवण ह्रास से सम्बन्धित अभ्यर्थी के लिए | |
| | (ग) | चलन किया सम्बन्धी निःशक्तता या प्रमस्तकीय अपंगता के लिए | – |
| | (4) | उत्तराखण्ड के अधिवासी पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के लिए | – |
| | (5) | उत्तराखण्ड के अधिवासी विशिष्ट खिलाड़ियों के लिए | – |
| | (6) | उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी अथवा उनके आश्रित अभ्यर्थियों के लिए | – |
| 2 | | क्या उत्तराखण्ड के अधिवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग , महिला व शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों की रिक्तियों में अग्रेनीत रिक्तियों को भी शामिल कर दिया गया है। | नही है |
| 3 | | क्या यह पद राजपत्रित है या अराजपत्रित | राजपत्रित समूह– श्रेणी–ख |
| 4 | | क्या पद स्थायी अथवा अस्थायी, यदि अस्थायी है तो वह अवधि जब तक यह पद कायम रहेगा | स्थायी |
| 5 | | पद का वेतनमान(बैण्ड वेतनमान व ग्रेड वेतन सहित) | रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन 5400 पुनरीक्षित लेवल–10 रू0 56100–177500 |
| 6 | | क्या अनुमन्य वेतनमान में बढ़ाया गया प्रारम्भिक वेतन दिया जा सकता है, यदि हाँ, तो किस हद तक | शासनादेशानुसार दिया जा सकता है। |
| 7 | | क्या यह पेंशनयुक्त है अथवा अंशदायी पेंशनयुक्त अथवा बिना पेंशन का | अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित |
| 8 | | परिवीक्षा अवधि, यदि कोई हो | उ0प्र0 कृषि समूह–ख सेवा नियमावली 1995 (उत्तराखण्ड यथा प्रवृत्त) के नियम–10 के अनुसार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | द्वारा श्रेणी–2 के अधिकारी को आवंटित करेंगे। |
| 10 | | चुने गये अभ्यर्थियों को कब तक कार्यग्रहण करना होगा | आदेश निर्गत होने के 30 दिन के अन्तर्गत |
| 11 | | क्या निर्वाह निधि/सामान्य भविष्य निधि के प्रावधान लागू हैं। | नही |
| 12 | | कोई विशेष रियायत जैसे गुप्त क्वार्टर, रोशनी, पानी | नही |
| 13 | | अपेक्षित अर्हताऐं | |
| | क | अनिवार्य, जिसमें शिक्षा संबंधी अर्हताऐं, प्रशिक्षण, अनुभव आदि जैसी बातें सम्मिलित हैं | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कृषि/कृषि अभियंत्रण में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता । |
| | ख | अधिमान्य अर्हताऐं | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि कृषि (कीट विज्ञान या पौध रोग विज्ञान/कृषि रसायन विज्ञान/मृदा विज्ञान या मृदा संरक्षण/कृषि वनस्पति विज्ञान या पौध प्रजनन या अनुवांशिकीय में विशेषज्ञता/शस्य विज्ञान/कृषि अभियंत्रण) उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अर्हता/भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से पी0एच0डी0की उपाधि कृषि (कीट विज्ञान या पौध रोग विज्ञान/कृषि रसायन विज्ञान/मृदा विज्ञान या मृदा संरक्षण/ कृषि वनस्पति विज्ञान या पौध प्रजनन या अनुवांशिकीय में विशेषज्ञता/शस्य विज्ञान या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।<br>उ0प्र0 कृषि समूह–ख सेवा नियमावली के नियम–9 के अनुसार अधिमानी अर्हताएं |
| | (ग) | अन्य कोई अर्हताएं | – |
| | (घ) | यदि उपर्यक्त अर्हताऐं किसी हद तक शिथिल की जा सकती है तो किस हद तक ऐसा किया जा सकता है। | – |
| | (ङ) | क्या समकक्ष अर्हताऐं भी स्वीकार की जायेंगी, यदि हों। तो समकक्ष अर्हता बताइये | – |
| 14 | | पद किस सेवा नियमवाली से आच्छादित है | उ0प्र0 कृषि समूह–ख सेवा नियमावली 1995 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2002 से उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) एवं उत्तराखण्ड कृषि समूह "ख" सेवा (संशोधन) नियमावली |
| 15 | | आयु सीमायें | |
| | (क) | निम्न आयु सीमा | 21 वर्ष |
| | (ख) | अधिकतम आयु सीमा | 42 वर्ष |
| | (ग) | क्या आयु सीमा को शिथिल किया जा सकता है यदि हॉ तो विद्यमान शासनादेशों/सेवानियमावलियों का उल्लेख करते हुए किस–किस श्रेणी वर्ग के अभ्यर्थियों को कितनी आयु की शिथिलता प्रदान की जा सकती है | शा0 संख्या–1399/ XXX(2)/2005/दिनांक–21.05. के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में की छूट प्रदान की जायेगी। |
| | (घ) | आयु सीमा की गणना के लिए नियत तिथि का | प्रचलित शासनादेशानुसार |

RAWAT 2018-JE

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | | अभ्यर्थी की राष्ट्रीयता क्या अपेक्षित है | उ0प्र0 कृषि समूह-ख सेवा नियमावली के नियम-7 के अनुसार |
| 17 | | अभ्यर्थी की वैवाहिक स्थिति क्या अपेक्षित है | उ0प्र0 कृषि समूह-ख सेवा नियमावली के नियम-12 के अनुसार |
| 18 | | अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में क्या अपेक्षित है | उ0प्र0 कृषि समूह-ख सेवा नियमावली के नियम-11 के अनुसार |
| 19 | | अभ्यर्थी की शारीरिक स्वस्थता के सम्बन्ध में क्या अपेक्षित है | उ0प्र0 कृषि समूह-ख सेवा नियमावली के नियम-13 के अनुसार |
| 20 | | क्या पद हेतु शारीरिक मानदण्ड भी लागू हैं? यदि हाँ तो पुरूष व महिला दोनों के लिए नियत शारीरिक मानदण्डों का उल्लेख किया जाय | – |
| 21 | | क्या सरकारी कर्मचारी कर्मचारी पात्र है?<br>यदि हाँ तो क्या उसके पक्ष में किसी शर्त को शिथिल किया जायेगा। उन शर्तों को बताइये जो उनके पक्ष में शिथिल की जायेगी | हाँ<br>कोई शर्त शिथिल नही की जायेगी। |
| 22 | | कोई अन्य शर्त अथवा अर्हता जो उपर्युक्त प्रश्नों के अन्तर्गत नहीं आती | – |
| 23 | | क्या अधियाचन में दिये गये विवरण पद से सम्बन्धित सेवा नियमावली या कार्मिक विभाग द्वारा जारी नियमावली के अनुरूप है? यदि नही तो सम्बन्धित मद /प्रश्न के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाय | नियमावली के अनुरूप है |

अधियाचन प्राधिकारी के हस्ताक्षर

नाम.. रणवीर सिंह चौहान
पदनाम.महानिदेशक, कृषि एवं उद्यान विभाग,उत्तराखण्ड।

सहायक निदेशक
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

(49)

## रिक्त पदों के सापेक्ष ऊर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षण का विवरण

पद का नाम–कृषि सेवा समूह–"ख" कृषि विकास शाखा
सीधी भर्ती के कुल पद– 31 कुल पद–रिक्त पदों की संख्या–09
अधियाचन हेतु प्रस्तावित–08 पद विशेष अधियाचन–01 पद

| ऊर्ध्व आरक्षण का विवरण | कुल रिक्त पद | क्षैतिज आरक्षण का विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तराखण्ड महिला 30 प्रतिशत | स्वतंत्रसै0 के आश्रित 02 प्रतिशत | दिव्यांग 04 प्रतिशत | भूत पूर्व सैनिक 05 प्रतिशत | अनाथ बच्चों के लिए 5 प्रतिशत (दिनांक 01.07.2020 से प्रभावी) | उत्तराखण्ड राज्य के कुशल खिलाड़ी 04 प्रतिशत | अनारक्षित |
| अनुसूचित जाति 19% | – | – | – | – | – | – | – | – |
| अनुसूचित जन जाति 4 % | – | – | – | – | – | – | – | – |
| अन्य पिछड़ा वर्ग 14% | – | – | – | – | – | – | – | – |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग 10% (दिनांक 01.07.2019 से प्रभावी) | 01 | – | – | – | – | – | – | 01 |
| अनारक्षित | 07 | 02 | – | – | – | – | – | 05 |
| कुल योग | 08 | 02 | – | – | – | – | – | 06 |

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम– बलवीर सिंह चौहान
पदनाम–महानिदेशक,उत्तराखण्ड।

लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

(48)

# रिक्त पदों के सापेक्ष ऊर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षण का विवरण

## पद का नाम–कृषि सेवा समूह–"ख" कृषि विकास शाखा

## विशेष अधियाचन–01 पद (अन्य पिछड़ा वर्ग)

| ऊर्ध्व आरक्षण का विवरण | कुल रिक्त पद | क्षैतिज आरक्षण का विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | उत्तराखण्ड महिला 30 प्रतिशत | स्वा0सं0से0 के आश्रित 02 प्रतिशत | दिव्यांग 04 प्रतिशत | भूत पूर्व सैनिक 05 प्रतिशत | अनाथ बच्चों के लिए 5 प्रतिशत (दिनांक 01.07.2020 से प्रभावी) | उत्तराखण्ड राज्य के कुशल खिलाड़ी 04 प्रतिशत | अनारक्षित |
| अनुसूचित जाति 19% | – | – | – | – | – | – | – | – |
| अनुसूचित जन जाति 4 % | – | – | – | – | – | – | – | – |
| अन्य पिछड़ा वर्ग 14% | 01 | – | – | – | – | – | – | 01 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग 10% (दिनांक 01.07.2019 से प्रभावी) | – | – | – | – | – | – | – | – |
| अनारक्षित | – | – | – | – | – | – | – | – |
| कुल योग | 01 | – | – | – | – | – | – | 01 |

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम– उमेदार सिंह चौहान
पदनाम–महानिदेशक,उत्तराखण्ड।

(सुरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (सप्र. सम्प्रे.)
लोक सूचना अधिकारी
कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून

## सीधी भर्ती के कार्यरत कार्मिकों का विवरण (कृषि विकास शाखा)

| रोस्टर क्रमांक | अधिकारी का नाम | जन्मतिथि | भर्ती का स्रोत | जाति | श्रेणी–2 के पद पर नियुक्ति की तिथि | पद रिक्ति की स्थिति | रिक्ति की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अनुसूचित जाति | श्री विनय कुमार | 20.01.1978 | सीधी भर्ती | अनु0जाति | 03.11.2005 | पदोन्नति श्रेणी–1 | 05.04.2023 | |
| 2. अनारक्षित | श्री गोपाल सिंह भण्डारी | 10.11.1975 | सीधी भर्ती | अनु0जनजाति | 04.02.1999 | पदोन्नति श्रेणी–1 | 05.04.2023 | |
